**आकाशवाणी शिमला**

**22.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**जीएसटी सुधार**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**वैष्णव–जीएसटी**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में कर की दर कम करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। इससे प्रत्येक परिवार को पैसे बचाने में मदद मिलेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में स्वदेश निर्मित उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

**गोपाल अग्रवाल**

भारतीय जनता पार्टी जीएसटी में किए गए सुधारों को जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मना रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी में अब तक 56 बार सरलीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी से आम आदमी, किसान, व्यापारी और लघु उद्योग लगाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। गोपाल अग्रवाल ने बताया कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह जीएसटी सुधार काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्रे आज से शुरू हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के प्रथम दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के अवसर पर मंदिरों को रंग बिरंगे फूलों और लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**पुरस्कार**

प्रदेश के मत्स्य पालन विभाग को सफल कैप्टिव प्रजनन योजना के माध्यम से गोल्डन महाशीर के संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय और अग्रणी प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित एक समारोह के दौरान मत्स्य पालन विभाग को इस पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए विभाग को बधाई दी है।